तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025



11 मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर,150 से...





12 पंडालों से निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा






## खबर संक्षेप

### फिंगेश्वर में स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कल

**फिंगेश्वर।** आश्विन शुक्ल त्रयोदशी यानी 5 अक्टूबर को समता क्लब फिंगेश्वर में विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, संघ द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें एकत्रीकरण प्रातः11 बजे एवं संचलन दोपहर 12 बजे किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि वरिष्ट स्वयं सेवक गयाराम सेन एवं मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाहक भोपेन्द्र साहू गरियाबंद होंगे।

### विसर्जन के दौरान नाचने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम टेका में दुर्गा विसर्जन के दौरान नाचने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को निलेश साहू ग्राम टेका ने बताया कि 2 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन करने तालाब जा रहे थे। इस दौरान डीजे में गांव के सभी लोग नाच रहे थे, जिसमें वह भी नाचने लगा। नाचते समय गांव के सहदेव, राजेश, राजू ने उससे कहा कि तुमको नहीं नाचना है, तुम यहां से भाग जाओ।

**हादसा :** मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध आश्रम में संत जी से मिलने गए थे

# डिवाइडर से जा टकराई कार व्यवसायी पति-पत्नी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां के लोकप्रिय युवा, शशि कंस्ट्रक्शन एवं इलेक्ट्रिकल्स के संचालक लोकनाथ साहू, और उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी साहू की गुरुवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे पंडरिया के पास एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही यह खबर फैली, पूरे राजिम क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के मुताबिक, लोकनाथ साहू अपने परिवार के साथ मध्यप्रदेश के मऊ जिले में स्थित एक प्रसिद्ध आश्रम में संत जी से मिलने गए थे। वापस लौटते समय, पंडरिया थाना क्षेत्र के कांपा के पास उनकी कार डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार का सामने का हिस्सा डिवाइडर में काफी दूर तक जा घुसा। इस दुर्घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में पीछे बैठे तीन लोग बुरी तरह से घायल बताए जा रहे हैं। सूचना पर पंडरिया पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों शवों को चीर घर के लिए रवाना किया।

**मप्र से लौटते पंडरिया के पास हुआ हादसा**

### विधायक ने दिया कंधा



लोकनाथ साहू, राजिम विधायक रोहित साहू के काफी करीबी माने जाते थे। खबर मिलते ही विधायक साहू बिना देर किए घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। विधायक रोहित साहू दोनों मृतक लोकनाथ साहू और उनकी पत्नी लक्ष्मी साहू के शवों को लेकर उनके पैतृक गृहग्राम महासमुंद के बम्हनी पहुंचे। देर शाम बम्हनी में पति-पत्नी का अलग-अलग चीता सजाया गया और उनकी अंत्येष्टि हुई। इस अंत्येष्टि कार्यक्रम में राजिम से सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस दुर्घटना की खबर को जिसने भी सुना, उसे गहरा आघात लगा। राजिम क्षेत्र से विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, किशोर साहू, पन्ना साहू, देवा साहू, जुगल किशोर साहू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अंत्येष्टि में शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। सुबह से देर रात तक शोक संदेशों का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मौत कहाँ लिखी है, इसे कौन जान सकता है।

# केन्दूपाटी मार्ग पर ट्रैक्टर पलटा, जनहानि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



शुक्रवार दोपहर करीब 2:35 बजे देवभोग और केन्दूपाटी मार्ग पर एक बड़ा हादसा टल गया। छत ढलाई के लिए राफ्टर और बांस से भरा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। पलटने की जोरदार आवाज से मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। गाड़ी निष्ठीगुड़ा गांव की बताई जा रही है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई, वरना भारी भरकम राफ्टर और बांस से लदा वाहन किसी की जान भी ले सकता था। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे ना हो।

### मैनपुर-देवभोग हाईवे के गड्ढे में ट्रक पलटा



**मैनपुर।** मैनपुर - देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में शुक्रवार को फिर एक बार एक ट्रक तौरेंगा के पास पलट गई जिससे परिचालक को चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार सड़क जर्जर होने और सड़क किनारे गड्ढे के कारण इन दिनों इस मार्ग में लगातार वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।


BMC

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116


# उमस व बारिश से फसलों में कीट प्रकोप, सेहद पर भी असर

**राजिम।** खेतों में लहलहाती फसलों पर कीट प्रकोप ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हरूना धान के पौधों में बालियां आ चुकी है। लिहाजा मौसम के बदले मिजाज से फसलों में भूरा माहों एवं कीट का प्रकोप बढ़ गया है। अक्टूबर माह में रोज हो रही बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिख रही है। लगातार हो रही बारिश से किसानों को दवाई छिड़कने का समय भी नहीं मिल पा रहा है। दिन में छिड़की गई दवाएं रात की बारिश में बेअसर साबित हो रही



है। बता दें कि विगत एक माह से अंचल में नियमित रूप से बारिश हो रही है। माह भर में पांच से छह बार पूरी रात तेज एवं मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पर प्रभाव डाला है। लोगो के सेहद पर भी विपरीत असर पड़ा है। वायरल के मरीजों के अतिरिक्त टाइफाइड के रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। अक्टूबर में निकलने वाली तेज धूप धान की फसल को कीट से बचाता है। तेज धूप के अभाव में उमस एवं बारिश से फसलों पर कीट प्रकोप बढ़ गया है।




## खबर संक्षेप



### बकली में 120 वर्ष से हो रही रामलीला

**राजिम।** बकली में रावणभांठा मैदान में दशहरा पर्व पिछले 120 वर्षों से लगातार रामलीला के द्वारा मंचन हो रहा है। दशहरा पर्व के अवसर पर बाल समाज के उत्साही युवाओं ने इस वर्ष भी तीन दिनों का रामलीला का आयोजन किया। बताया कि बदलते परिवेश में अब लीला मंचन करना बहुत मुश्किल होता जा रहा है लीला में भाग लेने वाले पात्र नहीं मिल रहे हैं इसके बावजूद इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव को बनाए रखने का प्रयास निरंतर ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। गांव की इसी परंपरा और संस्कृति को बनाए रखने के लिए हर वर्ष रामलीला का आयोजन ग्रामीणों के द्वारा किया जाता है। पहले 5 से 9 दिनों तक राम व कृष्ण लीला का मंचन होता था। जिसमें श्रवण कुमार, सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र, राजा मोरध्वज, चरणदास चोर, मयारु भौजी, सती नाग, चंपा जैसे धार्मिक व सामाजिक नाटक के माध्यम से समाज को शिक्षा एवं संस्कार का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है।

### खुटेरी में दुर्गा प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। जहां ग्राम डिघेपुर से सांग वालों की भजन आरती हुई। विसर्जन कार्यक्रम में सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, पूर्व सरपंच घनश्याम धांथी, रघुनंदन पटेल, पंच कुंजराम पटेल, रमेश कुमार बरिहा, नारायण सिंह ध्रुव, रविना ध्रुव, भोजपुरी पटेल, आरती सिन्हा, लिलेश्वरी, दशरथ साहू, चंचल सिन्हा, प्रीतम बरिहा, पिंटू महेश, नेतराम आदि मौजूद रहे।

### खुटेरी में मनाई गई गांधी जयंती



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पंच कुंजराम पटेल, रमेश कुमार बरिहा, नारायण सिंह ध्रुव, रवीना ध्रुव, भोजकुमारी पटेल, पंच आरती सिन्हा, रामजी आदि मौजूद रहे।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 6 तक करा सकते हैं पंजीयन

**महासमुंद।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए कंप्यूटर में डेस्कटॉप पब्लिशिंग में निःशुल्क प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 45 दिनों का रहेगा। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 6 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन करा सकते है। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड को 2-2 छायाप्रति, अंकसूची न्यूनतम 12 वीं उत्तीर्ण एक छायाप्रति एवं पासपोट साईज की 5 फोटो शामिल है।

### अछोली के दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा में पहुंचे तुषार



**महासमुंद।** ग्राम अछोली में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और जियदशमी के दिन किया जाता है। इस दौरान मां दुर्गा की आरती उतारी जाती है, उन्हें सिंदूर चढ़ाया जाता है।

## भेण्डरी में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया





नवापारा-भेण्डरी। भेण्डरी में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिर में बजरंग लीला नाट्य मंडली द्वारा राम लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा रावण के मारे जाने पर आतिशबाजी की गई तथा भगवान श्रीराम की आरती में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर लीला मंडली के अध्यक्ष रोहित पटेल सहित गांव के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### पर्व विशेष : नौ कन्या पूजन के साथ नवरात्रि का हुआ समापन

# रामचंडी मंदिर गढ़फुलझर में मनाया गया नवरात्रि का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

रामचंडी मंदिर गढ़फुलझर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया। 9 दिनों तक भक्तों ने न सिर्फ मां रामचंडी की पूजा अर्चना की, बल्कि माता रानी की सेवा कर प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्र में भक्तों ने व्रत रखकर विशेष आरती में भाग लिया तथा नवमी तिथि को विशेष हवन पूजन कर नौ कन्याओं की विधि विधान से पूजा कर कन्या भोज कराया।

समिति अध्यक्ष चंद्रकांत भोई ने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा रोज भजन आरती के साथ शाम को बैठकी कीर्तन आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संध्या के समय अपार संख्या में भक्त उपस्थित होकर आरती में भाग लिये। इस वर्ष 3058 भक्तों ने मां रामचंडी के दरबार में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए। आरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए भोग भंडारा रखा गया था। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया। मां के दर्शन करने समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचकर मां का आशीर्वाद एवं प्रसाद ग्रहण किये।



संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि नवरात्र पर्व के सफल आयोजन के बाद 5 अक्टूबर को आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को रामचंडी दिवस का आयोजन रखा गया है। जिसमें मध्य रात्रि को मां रामचंडी की विशेष पूजा की जाएगी। इस अवसर पर वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं बंधु मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। मुख्य अतिथि छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे तथा अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खाद्य आपूर्ति नागरिक मंत्री एवं महासमुंद जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, पर्यटन एवं संस्कृति न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व संसदीय सचिव त्रिविक्रम भोई, पूर्व राज्य मंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह, संरक्षक द्वय हरिचरण प्रधान एवं व्यासदेव भोई, जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान एवं ग्राम पंचायत गढ़फुलझर सरपंच हरप्रीत कौर उपस्थित रहेंगे।

सचिव ललित साहू ने बताया कि रामचंडी दिवस को सफल बनाने एवं भव्य रूप प्रदान करने के लिए कुल कार्यकारिणी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई। जिसमें समाज के लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए समाज के लोग विशेष रूप से जुटे हुए हैं तथा इस दिन महाभंडारा का आयोजन रखा गया है। रामचंडी दिवस पर युवा प्रकोष्ठ के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया है। इस विशाल सम्मेलन में सरायपाली, बसना, पिथौरा अंचल सहित रायगढ़, सारंगढ़, सरगुजा, जशपुर एवं ओडिशा क्षेत्र के सामाजिक बंधु शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश साहू ने दी।



## आतिशबाजी के साथ मनाया गया श्री राजीव लोचन मंदिर का दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

श्री राजीव लोचन मंदिर से होने वाले पारंपरिक दशहरा बहुत ही भव्य आकर्षक रूप से संपन्न हुआ। दशहरा आयोजन में सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन को श्रीराम रूप में श्रृंगार किया गया। भगवान की आरती के बाद पान बीड़ा वितरण कर भव्य पालकी मंदिर प्रांगण से गाजे- बाजे के साथ प्रतिनिधि के रूप में सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर दशहरा मैदान पहुंचे। अंगद-रावण का संवाद होने के बाद सर्वराकार द्वारा रावण का वध कटार से प्रतीकात्मक रूप में किया गया। भव्य आतिशबाजी की गई। सोन पत्ती का वितरण रणजीत चौराहा में भगवान की आरती के बाद बांटा गया। एक दूसरे ने सोनपत्ती भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियो के अलावा राजिम विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सभी पार्षद सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। सर्वराकार चंद्रभान ठाकुर ने दशहरा पर्व की बधाई दी। संचालन पंडित संतोष शर्मा द्वारा किया गया।





**महासमुंद।** ग्राम मचेवा के बस्तीपारा में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का गांव के शीतला तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर दुर्गोत्सव समिति के समस्त युवा पदाधिकारी व ग्रामीण जन विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। माता जस गीत की धूनों पर ग्राम भ्रमण पश्चात माता को भावपूर्ण विदाई दी गई।

## रामलीला का मंचन के साथ रावण के पूतले का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शुक्रवार को रात 10 बजे आकर्षक आतिशबाजी के साथ 40 फीट विशाल रावण के पूतले का दहन किया गया। रावण के पूतले का दहन होते ही पूरा क्षेत्र जय जय श्रीराम के जयकारो से गूंज उठा। ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय मैनपुर में विजयादशमी के अवसर पर हर वर्ष रावण दहन करने की परंपरा है लेकिन इस वर्ष 02 अक्टूबर विजयादशर्मी के दिन भारी मूसलाधार बारिश के कारण रावण दहन कार्यक्रम कैंसल करना पड़ा और आज दूसरे दिन शुक्रवार को शाम 07 बजे पूजा अर्चना कर रामलीला का मंचन प्रारंभ किया गया जिसमें धनुष यज्ञ, राम हनुमान मिलन, हनुमान और रावण संवाद, कुंभकरण युद्ध, मेघनाथ और लक्ष्मण युद्ध के बाद राम रावण युद्ध का कलाकारो द्वारा मंचन किया गया और राम के तीर से रावण का वध करते ही पूतले से आकर्षक आतिशबाजी होने लगी रंग बिरंगे आतिशबाजी से आसमान चमक रहा था पटाखे की गूंज के साथ ही रावण के विशाल पूतला देखते ही देखते जल उठा रावण के पूतले का दहन होते ही चारो तरफ जय जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे गूंज उठे इसके बाद राम लक्ष्मण सीता का पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम में मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र से हजारो की संख्या में लोग शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। रामलीला का मंचन भाटीगढ़ रामलीला मंडली द्वारा किया गया।





### कांग्रेस का बिजली ऑफिस घेराव आज

**नवापारा-राजिम।** नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नवापारा ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 4 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 12 बजे नवापारा-पारागांव बिजली ऑफिस के सामने पीसीसी के पूर्व चीफ धनेन्द्र साहू के नेतृत्व में जंगी प्रदर्शन करते हुए कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदी की जाएगी। यह जानकारी देते हुए नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा-नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल के तहत 4 सौ यूनिट की सेवा समाप्त से बढ़े हुए बिजली बिल से लोग परेशान है। लिहाजा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के खिलाफ यह घेराव व तालाबंदी कार्यक्रम रखा गया है। श्री शर्मा ने इस आंदोलन में शहरवासियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। बताया कि नवापारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, कांग्रेस समर्थित सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पंच, सरपंच, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता इस जंगी कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## झमाझम बारिश के बीच रजनकटा में धूमधाम से मना विजयदशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

पाण्डुका अंचल और समीपस्थ ग्राम रजनकटा में असत्य पर सत्य की और अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व विजयादशमी (दशहरा) इस वर्ष झमाझम बारिश के बीच भी बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। पर्व के दिन सुबह से ही ग्रामवासियों में उत्साह देखा गया। समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर मां दुर्गा की प्रतिमा को पूरे गांव में झांकी निकालकर धूमधाम से विदा किया और नम आंखों से माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। शाम होते ही लोगों का जनसैलाब मंच चौक में उमड़ने लगा, जहां दशहरा कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवा, बादलों की गड़गड़ाहट और पानी की तेज बौछारों के बीच भी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मनाया गया। इस वर्ष ग्राम रजनकटा में 30 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अंगद-रावण संवाद से हुई। इसके बाद बुराई का प्रतीक रावण का पुतला बनाकर दहन किया गया। इस दौरान जोरदार आतिशबाजी का नज़ारा देखने को मिला, जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। रावण वध के पश्चात सभी ने एक-दूसरे को सोनपत्ती भेंटकर पर्व की बधाई दी।






**36 वर्षों से 'अंगद' का पाठ कर रहे हैं किसुन ध्रुव-** ग्राम रजनकटा निवासी किसुन राम ध्रुव इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वह पिछले लगभग 36 वर्षों से लगातार अंगद का पात्र निभाते आ रहे हैं। किसुन ध्रुव ने बताया कि उन्हें बचपन से ही कला के प्रति रुझान रहा है और वह शुरू से ही गाँव की सभी मंडलियों में अपनी कला का प्रदर्शन बखूबी करते आ रहे हैं।

## उदंती रिजर्व में दिख रहे पश्चिमी घाट की दुर्लभ पक्षियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अब पश्चिमी घाट (एवरग्रीन फॉरेस्ट) में पाए जाने वाले दुर्लभ जीव और पक्षी दिखाई देने लगे हैं। हाल ही में यहाँ मालाबार पाइड हार्नबिल और दुनिया के सबसे तेज उड़ने वाले पक्षी पेरेग्रिन फाल्कन के बाद अब उड़न गिलहरी (फ्लाइंग क्विवरल), इन्द्रधनुषी गिलहरी (इंडियन जायंट क्विवरल) और ओटर (औटर) की मौजूदगी दर्ज की गई है। ये जीव सामान्यतः केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के पश्चिमी घाट के घने वनों में पाए जाते हैं। लेकिन उदंती और सीतानदी टाइगर रिजर्व का वातावरण इन जीवों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है। इसी वजह से यहाँ इनकी उपस्थिति बड़ी संख्या में देखने को मिल रही है। वन्यजीव सप्ताह (2 से 8 अक्टूबर) के अवसर पर टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पर्यटकों और विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियाँ तय की हैं। इसमें बर्ड वॉचिंग, ट्रैकिंग और जिप्सी सफारी के जरिए वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति की समझ बढ़ाई जाएगी।



मालाबार पाइड हार्नबिल और पेरेग्रिन फाल्कन को देखने के लिए 2500 फीट ऊंची ओढ़ और आममोरा पहाड़ियों पर ट्रैकिंग और बर्ड वॉचिंग सेशन होंगे। इस दौरान स्थानीय गाइड आगंतुकों को हार्नबिल संरक्षण और संवर्धन के महत्व पर जानकारी देंगे। उड़न गिलहरी और इन्द्रधनुषी गिलहरी का अवलोकन कराने के लिए कोयबा इको सेंटर और सांकरा (नगरी) इको सेंटर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात में कोयबा और ओढ़ इको सेंटर में टेलिस्कोप और कैमरों की मदद से स्टार गेजिंग सेशन रखे जाएंगे, जहां पर्यटक तारामंडल और आसमान के अद्भुत दृश्य देख सकेंगे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के लिए क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, ताकि उन्हें प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से जोड़ा जा सके।





### रवेली में मनाया गया नवाखाई का पर्व

**कोपरा।** छत्तीसगढ़ की कृषि संस्कृति का प्रमुख पर्व नवाखाई गुरुवार को ग्राम रवेली (लोहरसी) में भेंडिया परिवार ने उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया। यह त्योहार नए धान की फसल के आगमन का प्रतीक है और इसे ग्रामीण अंचल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सुबह से ही पूरा परिवार नए वस्त्र धारण कर तैयारी में जुट गया। सभी ने मिलकर प्रसादी का भोजन बनाया और कुल देवी-देवताओं रातमाय, कुंवरदेव और चिंगराज की पूजा-अर्चना की। नई धान की बाली को विधिवत पूजकर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा अच्छी फसल की कामना की गई। पूजा के बाद सभी ने एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण किया और एक-दूसरे को आशीर्वाद दिया। वरिष्ठ द्वारिका भेड़िया ने कहा कि नवाखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत का सम्मान है। यह परंपरा लोगों को एक जगह लाकर सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करती है। इस अवसर पर सुबेलाल, श्यामाराम, अमरीका, बेलन राम, माखन लाल, लखन, रामजी, भोजराम, रेखराम, गणेश राम, देवक, नंदलाल, ऐशराम, लक्ष्मी नारायण, चंद्रहास, दिनेश, रवि, थानू, लक्ष्मण, मिश्रीलाल, उमेश, कैलाश, जितेंद्र, प्रकाश, रामेश्वर, लालाराम, किशन, सिद्धांत, सूरज सहित पूरे भेंडिया परिवार की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### पत्नी पर ब्लेड से घातक हमला, पति गया जेल

**अभनपुर।** चरित्र संदेह चलते अपने ही पत्नी पर रेजर से जानलेवा हमला क रने वाले आरोपी पति कुलदीप मनहरे पिता रामप्यारे मनहरे उम्र 27 वर्ष को अभनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय रायपुर न्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी अनुसार ठेलकाबांधा निवासी शांति मनहरे 29 सितंबर को अपनी बहन की लडक़ी की शादी में रायपुर गई हुई थी अगले दिन की शाम लगभग छह बजे जब वह घर लौटी तो पति कुलदीप मनहरे ने उस पर चरित्रहीन होने का आरोप लगाकर गाली-गलौज शुरू कर दी,पीड़िता द्वारा विरोध किये जाने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए रेजर से गले और शरीर पर वार किया। घटना में महिला को गले, हाथ और पेट पर गंभीर चोटें आई उक्त घटना को लेकर पीड़िता ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी,मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस 109(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का बिजली सबस्टेशन का घेराव एवं तालाबंदी आज

मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा बढ़ती बिजली के दर को लेकर 04 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे मैनपुर में बिजली सबस्टेशन कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदी किया जायेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने बताया की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिक की सीमा को समाप्त कर बेतहाशा मूल्यवृद्धि के विरोध में रैली निकाल कर सबस्टेशन का घेराव कर तालाबंदी किया जायेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतो में चल रही है विशेष ग्राम सभा

मैनपुर। आदि कर्म योगी अभियान जनजातीय कार्य मंत्रलय द्वारा शुरू किया गय एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जिसका उददेश्य जनजाजीय समुदायों में नेतृत्व का विकास, विकेन्द्रीकृत शासन, सरकारी योजनाओं का लाभ, क्षमता निर्माण, सामुदायिक भागीदारी और संस्कृति के सरंक्षण हेतु एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके संबंध सुश्री श्वेता वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा बताया गया कि मैनपुर विकासखण्ड के 74 पंचायत के 144 ग्रामो में आदि कर्म योगी में आदि साथी एंव आदि सहयोगी का गठन किया गया है, जिसके तहत डॉक्टर, शिक्षक, युवा नेता, स्वः सहायता समूह, आंगनबाडी, सरपंच, पंच, युथ लीडर, वन अधिकार समिति के सदस्य जुड हुए है।

**विडंबना :** राजापड़ाव गौरगांव, गोडेना नदी, उदंती नदी, बाघनादी, पैरीनदी में पुल-पुलिया नहीं

# मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर,150 से ज्यादा ग्रामों का संपर्क टूटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में दशहरा के दिन सुबह से दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में झमाझम मुसलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है लगभग 150 से भी ज्यादा ग्रामो का जनसंपर्क तहसील मुख्यालय मैनपुर से कट गया है और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और तो और 250 से ज्यादा गांव पूरी रात भर बिजली बंद रहने से अंधेरे में डूबा रहा।

■ 250 ग्रामों में पूरी रात बिजली बंद, कई ग्रामों में कार्यक्रम स्थगित

मैनपुर देवभोग क्षेत्र में लगातार गुरूवार सुबह से हो रही झमाझम बारिश के कारण शुक्रवार को क्षेत्र के नदी -नाले पूरे उफान पर है और क्षेत्र के कई ग्रामों का तहसील मुख्यालय मैनपुर के साथ सम्पर्क टूट गया है जिसके चलते ग्रामीणों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाके के प्रमुख बाघ नदी, अड़गड़ी नदी, शोभा नदी, राजापड़ाव नदी में बाढ़ के कारण आवगमन आज शाम तक बाधित रहा इस क्षेत्र के 65 ग्राम पाराटोला में जनसंपर्क टूट गया है और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण टाईगर रिजर्व के भीतर बसे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम नागेश, करलाझर के ग्रामीणों को बरसात के इन दिनों में नदी नालों में पुल पुलिया नहीं होने के कारण आवाजाही करने में भयंकर परेशानी हो रही है, राशन सामग्री जरूरत के सामान एवं इलाज के लिए मैनपुर मुख्यालय जाना तो जरूरी है, अमाड़, देवझर अमली, सिंहार, बोड़ापाला, गोबरा, तुपेंगा सहित 50 से ज्यादा पाराटोला इस क्षेत्र में पानी के कारण आवागमन बाधित है तो वही देवभोग व अमलीपदर क्षेत्र में भी नदी नाले उफान पर है इस तरह लगभग 150 ग्रामो का संपर्क कट गया है। इस क्षेत्र के ग्राम टापू में तब्दील हो गया है।

#### ग्रामीण जोखिम में जान डालकर नदी पार कर रहे







#### 250 ग्राम अंधेरे में डूबा रहा



देवभोग ब्लॉक के 94 गाँवों में बीती रात से बिजली गुल है तो वही मैनपुर ब्लॉक के 150 से ज्यादा गांवो में पूरी रात बिजली बंद रही तेज आंधी, तूफान और भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया। सूत्रें के अनुसार, तेज आंधी से 33 केवी विद्युत सप्लाई लाइन के दो बड़े पोल गिर गए, जिससे मैनपुर और देवभोग समेत सभी गाँवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई लगातार बिजली बंद रहने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों को पेयजल की समस्या, बच्चों की पढ़ाई में बाधा और रोजमर्रा की जरूरतों में कठिनाई हो रही है। लोगो को पीने के पानी के लिए भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ा तो वही मैनपुर क्षेत्र के इलाको में आज दूसरे दिन भी बिजली व्यवस्था बाधित है हालंकि बिजली विभाग की टीम लगातार गांव –गांव तक पेट्रोलिंग कर रहे है लेकिन जगह-जगह पेड़ और तार टूटने पोल गिरने से सुधार कार्य में दिक्कत आ रही है।

#### 65 ग्राम का आवागमन प्रभावित

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने बताया राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के नदी नाले में पुल पुलिया के अभाव में पूरी तरह 65 ग्राम पाराटोला का आवागमन प्रभावित हो गया है ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आना जाना कर रहे है कई बार ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर अब तक कोई ध्यान नही दिया गया और तो और अमलीपदर एवं देवभोग सुखा नाला में बाढ़ के कारण जन जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है लोगो को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे है। सुखा नदी में तहसीलदार अजय चंद्रवंशी टीम के साथ पहुंचकर बेरीकेट लगाया है ताकि कोई व्यक्ति खतरा मोल लेकर नदी पार न कर सके दशहरा के दिन जिले के सात तहसीलो में कुल 471 मीमी बारिश हुई है और मैनपुर में 90.4 मीमी बारिश दर्ज की गई है।

## ढोडगा नाला उफान पर, छुरा मुख्यमार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

क्षेत्र में गुरुवार से भारी बारिश फिर कहर बरपाने पर आमादा है। भारी बारिश से रसेला के पास ढोडगा नाला सहित पुल पुलिया के बढ़ते जलस्तर से रसेला से छुरा मुख्यमार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने एकबार फिर जिला में मौसम खराब होने का अनुमान जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो मानसून की विदाई से पहले छत्तीसगढ़ में एकबार फिर बारिश की गतिविधियों में तेजी देखी जाएगी। मौसम विभाग ने धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद और



अन्य जिले के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। और स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है, लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार, टाइफाइड के शिकार हो रहे हैं। जब जब बारिश होती है तो लोगों की चिंता बढ़ जाती है कि कहीं पुल के ऊपर पानी न बहें। क्योंकि क्षेत्र के सैकड़ों गांव टापू में तब्दील हो जाता है। इस क्षेत्र के लोगों बरसात के दिनों में भगवान को याद कर घर से निकलते हैं कि शाम को सकुशल घर पहुंच जाए। समाचार लिखे जाने तक बारिश होती रही।

## मूसलाधार बारिश से खेतों में फसल बर्बादभराव

**फिंगेश्वर।** दो दिनों से रूकरूक कर हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जहां नदी नाले उफान पर है वहीं पर नगर के कई स्थानों पर पानी जाम है। जाम पानी निकालने नगर पंचायत सुस्त। इसी प्रकार तेज बारिश के चलते खेतों हरूना प्रजाति के धान के पौधे जो बीज निकल आये थे उन्हे भारी नुकसान पहुंचा है।बारिश के चलते धान के पौधे जमीन में सो गए हैं। बारिश की यहीं रफ्तार रही तो इसका अधिक असर किसानों को पड़गा। किसानों को दोहरा मार पड़ रहा है। बारिश के पहले तना छेदक बीमारी से वे परेशान रहे और कीटनाशक दवा खरीदकर खेतों मे डाले थे। लेकिन तेज बारिश के चलते छिड़काव किए गए कीटनाशक पूरी तरह से धूल गए और पौधे में लगी बालियों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग की माने तो इस प्रकार का बारिश का



कहर आगे भी रह सकता है। बारिश के चलते वार्ड 13 के आवासीय कालोनी, छात्रवासों, बीईओ कार्यालय एवं बीआरसीसी कार्यालय, कालेज मैदान,जनपद कार्यालय आदि क्षेत्रों में बारिश का पानी जाम रहा जो धीरे- धीरे अपनी जगह बनाकर कम हो रहा था। जाम पानी निकालने के लिए नगर पंचायत की टीम इन क्षेत्रों से नदारत रहा।

## स्वच्छता पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदी का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया था जिसमें नगर के विभिन्न स्थानों को चि न्हां कि त कर स्वच्छता के कार्यक्रम चलाए गए थे। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पालिका के पार्षद, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक एवं स्वच्छता दीदियों ने सफाई में अहम भूमिका निभाई। शहर के शीतला तालाब, शासकीय स्कूल एवं अन्य कई सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई। स्वच्छता

■ स्वच्छता दीदियों के कार्य सराहनीय : ओम कुमारी



पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों का नवापारा नगर पालिका सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी- संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार पैकरा, स्वच्छता सभापति सहदेव कंसारी की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर राजस्व निरीक्षक निखिल चंद्राकार, पालिका कर्मचारी दिनेश साहू एवं स्वच्छता दीदीया उपस्थिति रही।

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि नगर को स्वच्छ, साफ सुथरा एवं सुंदर रखने में स्वच्छता दीदियों का अहम योगदान है। नगर के सभी 21 वार्डों में सफाई के कामों में तत्परता एवं कुशलता से कार्य रही है। नगर के विभिन्न आयोजनों एवं रैलियों में फैले कचरे की सफाई का जिम्मा भी स्वच्छता दीदियों के हाथों में है। सभी नगरवासियों से अपील हैं कि नगर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## मां दुर्गा का किया विसर्जन ...



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में दस स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था। जिनका विसर्जन तालाब में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**नेहा सिंघल ने नितिन गडकरी से की मुलाकात**

## परिवहन मंत्री से नेशनल हाईवे 130 सी के चौड़ीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य नेहा सिंघल शुक्रवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर स्थित उनके निवास में मुलाकात कर मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्य सड़क चौड़ीकरण की मांग किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने राज्य के संबंधित अफसरों को फोनकर सड़क से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है जिससे अब यह उम्मीद लगाई जा रही है कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग नेशनल हाइवे 130 सी का कार्य जल्द प्रारंभ होगा और इस सड़क का लाभ छत्तीसगढ़ सहित ओड़िशा के लोगो को मिलेगा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमति नेहा सिंघल ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी को मांगपत्र सौपकर बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी अभनपुर राजिम गरियाबंद मैनपुर देवभोग से होकर ओड़िशा तक पहुंची है यह एक मात्र प्रमुख राष्ट्रीय सड़क है जो छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी अंचल के लोगों को ओड़िशा राज्य से जोड़ती है।



यह मार्ग जिले के व्यवसायिक औद्योगिक तथा पर्यटन विकास की दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है वर्तमान में अभनपुर से पोड़ लंबाई 40.40 किमी तथा मदांगमुड़ा से देवभोग ओड़िशा सीमा तक 27.60 किमी तक सड़क चौढ़ीकरण का कार्य पूर्व हो चुका है लेकिन मैनपुर के झरियाबाहरा से मदांगमुड़ा तक लगभग 50 किमी लंबा सड़क जो उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है अभी भी सिंगल है सकरी सड़क खराब है। सड़क किनारे साइड सोल्डर की मिट्टी बह गये है जिससे बड़े –बड़े गड्ढे हो गये निरंतर बढ़ते यातायात के दबाव के कारण सड़क के इस हिस्से में आये दिनो दुर्घटनाएं घटित हो रही है।

जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि आपके द्वारा नवम्बर 2024 में रायपुर में आयोजित आईआरसी के अधिवेशन में पोड़ से मदांगमुड़ा तक सड़क चौड़ीकरण हेतु घोशणा की गई थी उक्त घोशणा अनुसार इस कार्य की शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर सड़क निर्माण पूर्ण कराये जाने से क्षेत्रवासियो को अत्यंत राहत मिलेगा साथ ही वर्तमान आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए निवेदन किया गया है कि उदंती सीतानदी अभ्यारण्य से गुजरने वाले सिंगल सड़क के दोनो ओर तत्काल एक –एक मीटर चौड़ाई तथा सीमेंट क्रांकीटकरण सोल्डर निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया जाये ताकि आवागमन सुलभ हो सके एवं दुर्घटनाएं रोकी जा सके। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल को आश्वासन दिया है कि जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होगा और इसके लिए तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियो को पूरी जानकारी और फाइल भेजने निर्देश दिया है।

## केरेगांव की घटना को लेकर राजिम में हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

धमतरी के केरेगांव क्षेत्र में 5 साल के बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर गरियाबंद जिला ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने दुष्कर्म की घटना की कड़ी निंदा करते हुए राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में प्रदर्शन कर सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यह घटना न केवल मानवता को शर्मसार करती है बल्कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा भी खतरे में है। संगठन के अध्यक्ष नंदकिशोर



साहू ने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार देश में 2022 में 3,58,749 दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए और छत्तीसगढ़ में हर 8 मिनट में एक महिला के साथ दुष्कर्म हो रहा है यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में शराब की बढ़ती खपत और इंटरनेट पर फैल रही अश्लील सामग्री ऐसे अपराधों को बढ़ावा दे रही है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि दोषी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर कठोर सजा दी जाए, पीड़िता का उच्चस्तरीय इलाज सुनिश्चित किया जाए, नशीली वस्तुओं की बिक्री व उत्पादन पर रोक लगाई जाए तथा बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा के ठोस उपाय किए जाएं। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में शराब दुकानों को बंद करने और अश्लील साइट्स व वीडियो पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कसेकेरा अमेठी में नम आंखों से मां दुर्गा को दी गई विदाई

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम कसेकेरा अमेठी के तिरंगा चौक स्थित नव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने गुरुवार को आदि शक्ति माता दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन ठाकुर दिया तालाब में धूमधाम से किया। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे और सबने नम आँखों से मां जगदम्बा को अंतिम विदाई दी। समिति और ग्रामीणों ने पूरे नौ दिनों तक भक्तिभाव से माता की आराधना की। इस दौरान कई सदस्यों ने उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नौ दिनों तक खूब जस गीत गाकर माता की सेवा की गई, जिससे पूरे गाँव में भक्तिमय माहौल बना रहा। मूर्ति विसर्जन के दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सभी ने गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी। माता की विदाई के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्र पर्व का विधिवत समापन हो गया।

### कनेसर में गोंड़ समाज ने दशहरा के साथ मनाया नवाखाई पर्व



**मुड़ागांव (कोरासी)।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्राम कनेसर में ध्रुव गोंड़ समाज ने दशहरा पर्व के साथ-साथ अपना पारंपरिक नवाखाई का पर्व भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज के सभी लोग बड़ादेव ठाना में एकत्रित हुए। सभी समाजजनों ने अपने-अपने ईष्ट देवों को नवान्न (नया अन्न) अर्पित किया। उन्होंने सभी की सुख-शांति की कामना करते हुए अपने इष्ट देवों से आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ादेव ठाना के पुजारी संतराम ध्रुव, सरपंच योगेश कुमार ध्रुव, समाज प्रमुख रामचंद ध्रुव, गिखर लाल ध्रुव, शुरु सिंग, फूलसिंग, दर्शन राम, चोवाराम, शिवनारायण, दशरथ राम, रामदयाल आदि सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

### मड़ेली में गोंड़ समाज ने मनाया नवाखाई पर्व



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने दशहरा पर्व के अवसर पर अपना पारंपरिक नवाखाई पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम, समाज के सभी लोग जंगल में स्थित साजा पेड़ के नीचे एकत्रित हुए। यहाँ सभी गोत्रों के अनुसार विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई और आरती उतारी गई। पूजा के उपरांत चिवड़ा (पोहा) का भोग लगाया गया। पूजा के बाद सभी समाजजनों ने एक साथ बैठकर चिवड़ा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को नवाखाई पर्व की बधाई भी दी। इस अवसर पर समाज प्रमुख गणेश राम ध्रुव, सरपंच अशोक कुमार ध्रुव, गांव ठाकुर रामखेलावन ध्रुव सहित कुलदीप ध्रुव, प्रेमनारायण ध्रुव, भीखम ध्रुव, पुराणिक ध्रुव, डोमार ध्रुव, चेतन हीरालाल ध्रुव, नागेश, सुमीत, नोहर ध्रुव, भीखम ध्रुव, गोपी, नीलाम्बर ध्रुव, तिहारु, जागेश्वर ध्रुव देवन आदि बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्र थे।

### महात्मा गांधी दी गई श्रद्धांजलि



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम सजा पाली में गुरुवार को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर नंदी चौक में गांधी के छायाचित्र पुष्पा माला अर्पित कर गांधी जयंती धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर लाल चौहान, कुमार सिंह विश्वकर्मा, रजनू यादव, हरदेव साहू, दीनदयाल ध्रुव, सुकांति उपस्थित रहे।

**पर्व : विजयादशमी पर हुआ भव्य रावण दहन, बरसात के बीच छाता थामे पहुंचे हजारों लोग**

# झमाझम बारिश भी नहीं तोड़ पाई उत्साह रावणभाठा मैदान में हुआ रावण का दहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विजयादशमी का पर्व गरियाबंद के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में परंपरागत उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर से ही रुक-रुककर हो रही बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग छाता और रेनकोट लेकर मैदान पहुंचे। जैसे ही रावण के विशाल पुतले को अग्नि दी गई, चारों ओर 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारे गूंज उठे और आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से जगमगा उठा। दोपहर से जारी बारिश ने लोगों की उम्मीदें कमजोर नहीं कीं। रावण दहन के ठीक समय तेज बारिश होने लगी, मगर श्रद्धालु और दर्शक पूरी दृढ़ता से डटे रहे। छोटे-बड़े, महिलाएं और बच्चे सभी छाता और प्लास्टिक कवर के सहारे मैदान में टिके रहे। रावण के पुतले के धधकते ही भीगते हुए लोग जयकारे लगाते रहे और खुशी का इजहार करते रहे। कार्यक्रम में रामलीला मंचन का भी आयोजन हुआ, जिसमें भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। श्रीराम द्वारा रावण वध का दृश्य देखते ही दर्शकों की तालियां गूंज उठीं और मैदान जयकारों से भर गया। मंचन के दौरान उड़ते गुलाल और बजते ढोल-नगाड़ों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया।

- जय श्रीराम के नारों से गूंजा मैदान, धधकते रावण पुतले संग आतिशबाजी ने किया मंत्रमुग्ध

### आतिशबाजी और उल्लास

रावण के पुतले के साथ-साथ लगातार पटाखों और आतिशबाजियों ने आसमान को रोशन कर दिया। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी रंग-बिरंगी रोशनी और धमाकों का आनंद उठाते दिखे। कई जगह लोगों ने रावण के पुतले के पास खड़े होकर फोटो और सेल्फी भी लीं। इस मौके पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। उन्होंने अपील की कि समाज में व्याप्त नशा, भ्रष्टाचार और अंधविश्वास जैसी बुराइयों को मिटाकर सभी को एकजुटता और सद्भाव की राह पर चलना चाहिए।

### सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि दशहरा केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। यह हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रावण दहन के सफल आयोजन में नगर पालिका गरियाबंद, कृषक पंचायत, स्थानीय समिति, रामलीला कमेटी, पुलिस प्रशासन और स्थानीय युवाओं का विशेष सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल हर चौक-चौराहे पर मुस्तैद रहा। भीगते हुए भी भीड़ मैदान में डटी रही और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने रावण दहन का आनंद लिया। वहीं रावण के पुतले के साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने की होड़ लगी रही।

## शाही दशहरा बरसते पानी के बीच हुआ सफल नेताओं की एकजुटता बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





नवापारा का प्रसिद्ध शाही दशहरा पर्व इस बार बरसते पानी के बीच बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह दशहरा अंचल के करीब 8 से 10 गाँवों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है, और इस बार भी बड़ी संख्या में लोग हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में कार्यक्रम देखने के लिए छाता ओढ़कर पहुंचे। 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व था। सुबह से दोपहर तक मौसम खुशनुमा रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। जब शाम 6-7 बजे कार्यक्रम शुरू होने की बारी आई, तो बारिश शुरू हो गई और रह-रहकर बरसती रही। आयोजकों को डर था कि रावण दहन का कार्यक्रम कहीं स्थगित न करना पड़े, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और बरसते पानी के बीच कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। राजिम मेले के बाद अगर कहीं सबसे ज्यादा भीड़ इकट्ठी होती है, तो वह इसी दशहरा उत्सव में होती है। इस बार भी हाई स्कूल मैदान में विशाल दुकानें सजी थीं और लोगों का उत्साह चरम पर था।

**अतिथियों ने दिया एकता का संदेश-** उपस्थित जनसमुदाय को शुभकामनाएं देते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू एवं अशोक बजाज ने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। उन्होंने लोगों की अडिग आस्था की सराहना की, जो बारिश होने के बावजूद धर्म के प्रति डटे रहे। मंच पर भगवान श्रीराम दरबार भी सजाया गया था, जो आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा।

**दशहरा उत्सव समिति का सराहनीय योगदान-** दशहरा उत्सव को सफल बनाने में नवापारा के कांग्रेस और भाजपा नेताओं के आपसी तालमेल और सामंजस्य का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिससे पर्व की खुशी कई गुना बढ़ गई। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य रतिराम साहू, धनराज मध्यानी, अनिल जगवानी, होरीलाल साहू, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, जीत सिंग, सौरभ शर्मा, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, उमेश यादव, लोकनाथ सोनकर, मुकुंद मेश्राम, रामा यादव, मंगराज सोनकर, राजा चांवला, राकेश सोनकर, सौरभ सिंटु जैन, सौरभ सोनी, रामरतन निषाद ने पखवाड़े भर पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने किया, जिन्होंने अंत में शहरवासियों, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस पूरे कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही, जिन्होंने भीड़ और ट्रैफिक को नियंत्रित करने में देर रात तक सहयोग किया।

### 51 फुट रावण का दहन और भव्य आतिशबाजी

कार्यक्रम की शुरुआत खैरा की प्रसिद्ध रामलीला के मंचन से हुई, जिसका उपस्थित भीड़ ने भरपूर आनंद लिया। इसके बाद, शासकीय हरिहर हायर सेकेंडरी स्कूल के विशाल मैदान में जबरदस्त आतिशबाजी के बीच 51 फुट ऊंचे लंकापति रावण के पुतले का दहन किया गया। नवापारा के दशहरा उत्सव की सबसे खास बात इसकी राजनीतिक एकता रही। साल में यह सिर्फ एक बार ऐसा मौका होता है जब कांग्रेस और भाजपा** के सभी बड़े और छोटे लीडर तथा स्थानीय कार्यकर्ता एक साथ, एक मंच पर दिखाई देते हैं। यह दृश्य शहरवासियों के लिए सुकून देने वाला रहा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज व नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू मंच पर विराजमान थे।



## भारी बारिश, दशहरा फीका







**मुड़ागांव (कोरासी)।** क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही भारी बारिश का कहर जारी है। लगातार हो रही झमाझम बारिश से किसानों के खेत-खलिहान पानी से लबालब हो गए हैं, जिससे उनकी तैयार फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। भारी बारिश का सबसे बुरा असर किसानों की फसलों पर पड़ा है। खेतों में पानी भर जाने से फसलें पूरी तरह से डूब गई हैं। विशेष रूप से 'हरुना' किस्म के धान, जो अब कटाई के लिए तैयार थे, उनकी बालियां पानी में समा गई हैं। लगातार मूसलाधार बारिश के कारण किसान बेहद चिंतित हैं, क्योंकि उनकी पूरी मेहनत और लागत बर्बाद होने की आशंका है। बीती रात्रि 2 अक्टूबर को विजय दशमी (दशहरा) का पर्व भी बारिश की भेंट चढ़ गया। शाम होते ही शुरू हुई झमाझम मूसलाधार बारिश ने दशहरा के उत्साह को फीका कर दिया। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह रावण दहन की तैयारी की गई थी, लेकिन भारी बारिश के चलते रावण का पुतला दहन नहीं हो पाया और पुतला ज्यों का त्यों खड़ा रह गया। बारिश ने पर्व के उत्साह और उमंग में पूरी तरह से पानी फेर दिया। बारिश के कारण जलभराव की समस्या भी गंभीर हो गई है। ग्राम साजापाली के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण में भी पानी लबालब भर गया है। क्षेत्र में बारिश का कहर अभी भी जारी है, जिससे किसान अपनी डूबी हुई फसलों को लेकर अत्यंत चिंतित नजर आ रहे हैं।



## मैनपुर में बारिश के बीच मनाया गया देव दशहरा

**मैनपुर।** झमाझम बारिश के बीच मैनपुर क्षेत्र में विजयादशमी के दिन देव दशहरा का पर्व मनाया गया। ग्राम देहारगुड़ा से खड़ागोसाईन के दरबार में विशेष पूजा अर्चना के बाद देवी - देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा ग्राम गौरघाट नेशनल हाइवे के पास महाराज खोरा देवान के दरबार में पहुंची और यहां विशेष पूजा अर्चना के बाद देवी-देवताओं ने शौर्य प्रदर्शन किया। देवी- देवताओं के शौर्य प्रदर्शन को देखने और आशीर्वाद लेने के लिए क्षेत्र भर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इस दौरान देवी-देवताओं के ध्वज पताखे डांगडोली की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुखताज दीवान, छबि दीवान, पवन दीवान, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, महेन्द्र नेताम, तिलक दीवान, इंद्र दीवान, खेलन दीवान, गाड़ाराय दीवान, कमलीबाई दीवान, सोहन दीवान, प्रेमसाय जगत, टीकम कपिल व क्षेत्र भर से हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## बारिश ने रावण दहन में डाली बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र सहित पूरे अंचल में गुरुवार यानी 2 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन पर्व पर इस वर्ष रावण के पुतले दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौसम ने बाधा उत्पन्न की। इसके चलते जहां आयोजकों को काफी परेशानी हुई वहीं लोगों को भी कई जगह मायूसी का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में झमाझम लगातार बारिश से रावण के पुतले भीग गए जिसके कारण कई स्थानों पर पुतलों का दहन नहीं हो सका तो कई स्थानों पर उनके टूटने और गिरने से समस्या उत्पन्न हुई। ज्ञात हो कि ग्राम रसेला में बारिश की वजह से अभी भी रावण का पुतला जिस स्थिति में वे है वैसी है, अभी तक रावण पुतला खड़ा नहीं किया गया। शुक्रवार को गांव की देवी-देवता और चंडी माता की बरसते पानी में गांव की बैगा और ग्राम प्रमुखों के द्वारा पुजा अर्चना किया गया। इन्द्र देव के कारण रावण को मरने के लिए तारीख पे तारीख मिल रही है। आज अगर मौसम खुलेगा तो रावन दहन के साथ रामलीला नाटक मंचन होगा। मैदान के स्थिति को देखते हुए आज भी असंभव लग रहा है। लोगों ने आने वाले वर्ष में वाटरफ्रूर रावन पुतले बनाने की मांग कर रहे हैं। दशहरे का पर्व न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अमूल्य का हिस्सा है, बल्कि यह पर्व हमें मानव जीवन में धर्म,सत्य और मर्यादा के महत्व का बोध भी कराता है, यह हमें रावण जैसे अहंकारी और अधर्मी के अंत और भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन के गुणों का स्मरण कराता है यहां बातें गांव के बैगा भागवत कोमर्रा सहयोगी तमेश्वर मरकाम ने कहा की दशहरे का पर्व हमें ये संदेश देता है कि अधर्म, अन्याय और अंहकार चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंत में उसकी हार निश्चित है। चंडी माता के पुजा अर्चना के पश्चात सोनपत्र भेंटकर एक दूसरे को दशहरा की शुभ कामनाएं दी और भगवान से सभी के लिए कल्याण की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रमुख, जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित थे।



**माताओं ने थाल सजाकर मां दुर्गा की आरती की**

# पंडालों से निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र के बड़ा गांव पांडुका में आज भी पूरे ग्रामवासी अपने पुरानी परंपरा पर कायम है। इस गांव में विभिन्न मुहल्लो चौक- चौराहो में अलग-अलग पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा पूरे विधिविधान के साथ पंडित के मंत्रोच्चारण के बीच स्थापित की जाती है। परंपरा के मुताबिक यहां नवमी को विसर्जन नहीं होता। विजयादशमी दशहरा के दिन दोपहर तक सारे पंडालों से समिति वाले बाजा-गाजा के साथ काफी धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर बस्ती भ्रमण कराते हुए बीच गांधी चौक में इकट्ठा हुए। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4:30 बजे तक यह सिलसिला चलता रहा। फिर एक साथ गांव के लोग अपने मुहल्ले वापिस लौटे।







**हजारों की भीड़ जुटती थी-** मालूम हो कि शोभायात्रा हर घर के सामने रूकती है, माताएं थाल सजाकर मां दुर्गा की आरती करती है। इस ऐतिहासिक परंपरा के चलते गरियाबंद जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में इसे जाना जाता है। पहले विसर्जन के बाद शाम को गांधी चौक में रावण वध का कार्यक्रम रखा जाता था परंतु अब ऐसा देखने में नहीं मिलता। यहां ग्लोब डामा कंपनी काफी विख्यात था। यहां के कलाकार भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, लंकापति रावण, सुग्रीव, बाली, अंगद व हनुमान जी महाराज की भूमिका एकदम हुबहु करते थे। रावण वध देखने के लिए कई हजारों की भीड़ यहां पर जुटती थी। गांव के बिसनलाल साहू, महेंद्र साहू, सुरेश शर्मा, प्रीतम सिन्हा, नागेंद्र साहू जैसे गणमान्य नागरिकों ने बताया कि नाटक कंपनी के शत प्रतिशत कलाकार अब नहीं रहे लिहाजा यहां नाटक अब संभव नहीं है। भगवान श्रीराम का रोल अदा करने वाले खोवालाल शर्मा अब नहीं रहे। वहीं गरजते हुए हुबहु रावण की भूमिका अदा करने वाले श्रीपत राव ब्रम्हभट्ट भी नहीं है। बाली और सुग्रीव का रोल अदा करने वाले बुधराम देवांगन और भुखन साहू भी नहीं है। दशहरा में रावण वध का कार्यक्रम भव्य रूप में नहीं होने का मलाल पूरे ग्रामवासियों को है।

